# डेथ आफ ए सेल्समैन नाटक का किया मंचन



केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में नाटक का मंचन करते छात्र - छात्राएं • सौ. विश्वविद्यालय

जासं • लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में डेथ आफ ए सेल्समैन नाटक का मंचन किया गया। प्रो. तनवीर खदीजा की देखरेख में विद्यार्थियों ने मंचन किया। नाटक विली लोमन की दुखद कहानी पर आधारित रहा। इसमें निराश सेल्समैन अपनी असफलताओं से जूझ रहा है। मायावी अमेरिकी सपने का पीछा कर रहा है। नाटक का निर्देशन सदफ फातिमा ने किया। संचालन डा. शिप्रा सिंह ने किया। नाटक में विली की भूमिका सुशील सिंह परमार ने निभाई।

CamScanner

# भाषा विवि में पीएचडी को 439 आवेदन

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पीएचडी के 18 विषयों की 99 सीटों के लिए 439 आवेदन आए हैं। 22 अप्रैल तक आवेदन मांगे गए थे। सत्र 2024-25 के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा 11 मई को होनी है।

भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डा. रुचिता सुजॉय चौधरी ने बताया कि फुल टाइम और पार्ट टाइम पीएचडी के लिए कुल 439 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 241 अभ्यर्थियों ने शुल्क जमा किया है। सबसे अधिक आवेदन एजुकेशन विषय के लिए 67 आवेदन मिले हैं।

CamScanner

हिन्दुस्तान
लखनऊ, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 06

# टीकाकरण के बारे में शहर को जागरूक कर रहे युवा

**पहल**

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। राजधानी के कुछ युवाओं ने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के प्रति जागरुक करने का बीड़ा उठाया है। टीकाकरण को लेकर भ्रांतियों को दूर करने का अभियान चला रखा है। लगभग छह माह से नियमित टीकाकरण के लिए युवा सीतापुर रोड स्थित गली-मोहल्ले, झुग्गियों एवं ग्रामीण इलाकों में जाकर जागरुकता कार्यक्रम कर रहे हैं। इन युवाओं ने स्वास्थ्य विभाग से सहयोग लेकर टीकाकरण शिविर भी लगाए हैं।

- बस्तियों में टीकाकरण को लेकर भ्रांतियां मिटा रहे छात्र-छात्राएं

भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसम्पर्क विभाग के छात्र छात्राओं ने चिल्ड्रेनस होप फॉर एक्शन एंड बेटर इम्पैक्ट यूथ अडवोकेसी नेटवर्क तैयार किया है। छात्र-छात्राओं ने अनूठी पहल की।

यूनिसेफ से जानकारी लेने के बाद अभियान में जुट गए। छात्र फाहद जमाल का कहना है कि टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

# छात्र-छात्राएं चला रहे टीकाकरण अभियान

**लखनऊ।** ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुछ छात्र-छात्राओं ने टीकाकरण के लिए अनूठी पहल की है। ये बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ये गली-मोहल्ले व स्लम एरिया में जाकर लोगों को टीकाकरण के लाभ बताकर टीकाकरण करवा रहे हैं।

विवि के पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग के छात्र-छात्राओं ने चिल्ड्रेंस होप फॉर एक्शन एंड बेटर इम्पैक्ट यूथ एडवोकेसी नेटवर्क तैयार किया है। छात्र फाहद जमाल का कहना है कि बहुत से लोगों को लगता है कि बच्चे को टीकाकरण की जरूरत नहीं है। कुछ लोग टीकाकरण के बाद आने वाले बुखार से डरते हैं, इसलिए बच्चों का टीकाकरण नहीं कराते हैं।

छात्रा अरीशा फैजयाब ने बताया कि टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान कर छात्रों ने नजदीकी सरकारी अस्पताल के अधिकारियों एवं वार्ड के पार्षद से संपर्क किया। नतीजतन विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। छात्र-छात्राओं का यह ग्रुप अब तक करीब 50 बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में सहयोग कर चुका है। (माई सिटी रिपोर्टर)

CS CamScanner

# भाषा विवि ने जीते पांच स्वर्ण पदक

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिता में पांच गोल्ड मेडल पर जीत दर्ज की है। प्रतियोगिता में अमर सिंह ने 50 किग्रा., कृष्णा रौतेला ने 70 किग्रा., मुदित शुक्ला ने 65 किग्रा., मो. रेहान ने 60 किग्रा. व शुभम ने 50 किग्रा. भार उठाकर जीत दर्ज की। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता का आयोजन जीसीआरजी ग्रुप कॉलेज की ओर से वार्षिक उत्सव उड़ान के तहत हुआ। (संवाद)

CamScanner

# रोवर्स रेंजर्स के महत्व को छात्रों ने जाना

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की ओर से पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को पहले दिन रोवर्स रेंजर्स के महत्व, सिद्धांत और इतिहास के बारे में बताया गया। शिविर में डॉ. मो. शरीक, डॉ. जहांआरा जैदी, डॉ. सिद्धार्थ सुदीप ने छात्रों को जागरूक किया। विजय शर्मा और छाया कश्यप ने छात्रों को प्रशिक्षण दिया। (संवाद)

CamScanner

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
लखनऊ, सोमवार, 22 अप्रैल 2024


| कार्यशाला | एकेटीयू में दो दिवसीय कार्यशाला के समापन में राज्यपाल ने शिरकत की, अब पोर्टल पर एक क्लिक पर मिलेगी विश्वविद्यालय की पूरी जानकारी

# समर्थ पोर्टल प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय लागू करें: राज्यपाल

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में एकेटीयू में हुई दो दिवसीय कार्यशाला समर्थ से सामर्थ्य का समापन रविवार को हुआ। कार्यशाला में समर्थ पोर्टल सभी विश्वविद्यालयों में शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए गए।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी जरूरत के अनुसार पोर्टल में डाटा भरते रहें। उन्होंने पोर्टल के समग्रता से क्रियान्वयन के लिए टीम वर्क को जरूरी बताया। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने शोध पूर्ण तरीके से काफी समय देकर इस पोर्टल का निर्माण किया है। इसके माध्यम से प्रत्येक कार्य सम्पादन का समाधान प्राप्त हो सकेगा और विश्वविद्यालयों में इस पोर्टल के लागू हो जाने से विभिन्न समस्याओं का समाधान भी हो जाएगा। उन्होंने पोर्टल लागू होने के फायदों पर चर्चा करते हुए समय की बचत, धन के दुरुपयोग से बचत, एक क्लिक पर विश्वविद्यालय की जानकारियों का प्राप्त होना, फाइलों की सहज ट्रैकिंग जैसे अनेक कार्यों के सुगमता से सम्पन्न होने वाले लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों की टीम द्वारा बनाए समर्थ पोर्टल की तरह अपने विश्वविद्यालय में भी कुछ नया करें, जिससे दूसरे प्रदेशों के लोग प्रेरणा ले सकें। कार्यशाला में दूसरे दिन दिल्ली विश्वविद्यालय से आयी शिक्षकों की टीम से दिव्या करवाल ने पोर्टल के माध्यम से रिक्रूटमेंट तथा एम्प्लाई मैनेजमेंट (एचआर) साहिल दत्त ने कैरियर एडवांसमेंट और फाइनेंशियल सप्लाई चेन मैनेजमेंट पर जानकारी दी।

## 12 विश्वविद्यालयों ने किया एमओयू

कार्यशाला में प्रदेश के 12 अन्य विवि ने दिल्ली विवि के साथ समर्थ-ई-गवर्नेंस के लिए एमओयू किया। जिनमें छत्रपति शाहूजी महाराज विवि कानपुर, बुंदेलखण्ड विवि झांसी, शकुंतला मिश्रा विवि लखनऊ, रज्जू भय्या विश्वविद्यालय प्रयागराज, राजर्षि टण्डन विवि प्रयागराज, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली, सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महेन्द्र प्रताप विवि अलीगढ़, एकेटीयू लखनऊ, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया तथा लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ शामिल रहे।



एकेटीयू में कार्यशाला के समापन के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मौजूद रहीं।

## समर्थ टीम ने पोर्टल के बारे में जानकारी दी

शिक्षकों के साथ पोर्टल के संयोजक प्रो. संजीव सिंह ने भी विभिन्न वर्गों की और एडमिशन और एकेडमिक्स, की परफॉर्मेंस इंडिकेटर, मॉनिटरिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे विषयों पर जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति व अधिकारीगणों की पोर्टल से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर जिज्ञासाओं का समर्थ टीम ने समाधान भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा राज्यपाल डॉ. पंकज एल. जानी, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग एम. देवराज, ए दिनेश कुमार, सीपू गिरी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान लखनऊ, शनिवार, 20 अप्रैल 2024 08

# एआई के साथ मिलकर भारत को आगे बढ़ाना होगा

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग संकाय की ओर से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। क्वॉलिटी कन्फ्लूएंस ऑफ बायोटेक, बीफार्मा, इंजीनियरिंग एंड एआई सॉल्यूशंस तो ग्लोबल प्रॉब्लम्स शीर्षक से हुई कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन भाषा विवि के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। कान्फ्रेंस में एकेटीयू के कुलपति प्रो जेपी पांडेय ने कहा कि आज का दौर एआई का है। भारत को एआई के साथ मिलकर आगे बढ़ाना होगा।

CamScanner

अमर उजाला 5

# राज्यपाल ने की नैक प्रस्तुतिकरण की समीक्षा

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि के नैक मूल्यांकन के लिए प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। राज्यपाल ने कुलपति नरेंद्र बहादुर सिंह को नैक मूल्यांकन से जुड़े हर पहलू पर कड़ाई से ध्यान देने के निर्देश दिए। विवरण अंकित करने, तीसरे और सातवें क्राइटेरिया में विशेष सुधार करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने पूर्व समीक्षा बैठकों में दिए निर्देशों का समुचित अनुपालन न किए जाने पर रोष प्रकट किया। अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज जानी, विवि की नैक टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे। (संवाद)

CamScanner

# भाषा विवि में सम सेमेस्टर परीक्षाएं 2 से 18 मई तक

## प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम पर विवि ने निस्तारित की आपत्ति


संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 2 मई से सम सेमेस्टर (दूसरे, चौथे, छठे व आठवें) की परीक्षाएं शुरू होंगी। परीक्षाएं 18 मई तक चलेंगी। विवि ने परीक्षा कार्यक्रम पर आपत्ति का निस्तारण कर दिया है। सोमवार को औपचारिक रूप से फाइनल परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

कुलसचिव भावना मिश्रा ने बताया कि 6 अप्रैल को प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर जारी कर 12 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी गईं थीं।

तीन विद्यार्थियों ने आपत्तियां परीक्षा विभाग को सौंपी। इनमें से एक की आपत्ति जायज मिली है। इस पर निर्णय हो गया है। सोमवार को अंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। (संवाद)

**औपचारिक रूप से कल फाइनल परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया जाएगा**



### पीएचडी आवेदन का कल अंतिम मौका

भाषा विवि में 18 विषयों की पीएचडी की 96 सीटों के लिए आवेदन में सोमवार तक का मौका है। इसके बाद अभ्यर्थियों को दो हजार रुपये शुल्क के साथ एक हजार रुपये विलंब शुल्क अदा करना होगा। प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि 22 अप्रैल तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन किए जा सकेंगे। 11 मई को प्रवेश परीक्षा होगी। इसमें 70 अंकों की लिखित एवं 30 अंकों का साक्षात्कार होगा।

## लविवि : अब तक नहीं जारी हुआ फाइनल कार्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 22 मार्च को सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया था। इस पर 5 अप्रैल तक विद्यार्थियों से आपत्तियां मांगी थी। तिथि बीतने के बाद भी विवि फाइनल परीक्षा कार्यक्रम पर कोई निर्णय नहीं ले पाया है। प्रस्ताव के मुताबिक 23 अप्रैल से परीक्षाएं शुरू होनी हैं। (संवाद)

# लॉमार्टिनियरः हटाए गए 11 शिक्षक-कर्मी बहाल

**लखनऊ गवर्नर्स की स्थानीय समिति की बैठक में फैसला**

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लॉमार्टिनियर कॉलेज के उन 11 शिक्षकों व कर्मचारियों को बहाल कर दिया गया है, जिन्हें बीते साल कॉलेज प्रशासन के नियमों के खिलाफ जाने पर नौकरी से निकाल दिया गया था। लखनऊ गवर्नर्स की स्थानीय समिति की शनिवार को हुई बैठक में शिक्षकों व कर्मचारियों की बहाली का फैसला हुआ। इस फैसले से नर्सरी से कक्षा 9 और 11वीं की दो-दो सेक्शन फिर से संचालित हो सकेंगे।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार बैठक में इसके अलावा शिक्षण कार्य व परिसर की व्यवस्थाओं पर भी कई अहम फैसले लिए गए। नर्सरी से कक्षा 9 और 11 तक प्रति कक्षा 2 अनुभागों को फिर

**नर्सरी से कक्षा 9 और 11 तक प्रति कक्षा 2 अनुभाग फिर खुलेंगे**

से खोला जाएगा। परिसर में सीसीटीवी लगेंगे। चॉक और डस्टर बोर्ड वाले सभी कक्षाओं को स्मार्ट बोर्ड से बदला जाएगा। खेल और सह-पाठ्यचर्या कार्यक्रम सभी छात्रों के लिए विस्तारित किए जाएंगे। परिसर में अंग्रेजी भाषा केंद्र भी बनेगा। बैठक में जेईई, एनईईटी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी मॉड्यूल के साथ कक्षा 11 और 12 के लिए बूस्टर कक्षाएं चलाने और कॅरिअर परामर्श केंद्र विकसित करने का फैसला हुआ।

## अवध डिग्री कॉलेज का स्थापना दिवस मनाया

लखनऊ। अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज का स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कर्मचारियों तथा छात्राओं को पुरस्कार दिए गए और नाटक तारा का मंचन भी किया गया। चिल्लर आर्ट्स प्रोडक्शन के संस्थापक प्रफुल्ल त्रिपाठी नाटक का निर्देशन किया। इसमें लैंगिक भेदभाव के रूप में वास्तविक जीवन की समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है। समारोह में प्रबंध समिति की अध्यक्ष जरीन विक्काजी, प्रबंधक प्रो. निशि पांडेय, प्राचार्य प्रो. बीना राय, प्रो. प्रीति अवस्थी भी शामिल हुईं। (माई सिटी रिपोर्टर)

# भाषा विवि : बीबीए, बीसीए, एमबीए व एमसीए कोर्स एआईसीटीई से अनुमोदित

लखनऊ। ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बीबीए, बीसीए, एमबीए व एमसीए कोर्स को ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) से अनुमोदन मिल गया है। इससे एकेटीयू के बाद शहर का यह दूसरा ऐसा विवि बन गया है जिसके तकनीकी कोर्स एआईसीटीई से अनुमोदित हैं। एआईसीटीई ने शुक्रवार को प्रमाणपत्र विवि को जारी कर दिया। कुलसचिव भावना मिश्रा ने बताया कि एआईसीटीई ने विवि को ईमेल पर सूचना भेजी है। उन्होंने बताया कि तकनीकी पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए एआईसीटीई से अनुमोदन जरूरी है। (संवाद)

CS CamScanner

लखनऊ, 5 अप्रैल, 2024 दैनिक जागरण

# केएमसी व इंटीग्रल में करार

**लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएमसी) और इंटीग्रल विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इससे शोध व प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ाने का मौका मिलेगा। उच्च शिक्षा के सभी विषयों में गुणवत्ता पूर्ण शोध और नवाचार को भी बढ़ाया जाएगा। रजिस्ट्रार डा .भावना मिश्रा और इंटीग्रल विवि के कुलसचिव प्रो . हारिस व अन्य रहे। (जासं)

CamScanner

LUCKNOW
WEDNESDAY
APRIL 03, 2024



# KMCLU to start admission procedure tomorrow

**LUCKNOW:** Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU) will start the admission process for the undergraduate and postgraduate programmes in various courses for the session 2024-25 from April 4, 2024. In the session 2024-25, KMC Language University implemented directives of NEP 2020 in all programmes, said vice-chancellor NB Singh on Tuesday. This year, applications will be accepted for 2880 seats at the undergraduate level and 666 seats at the postgraduate level. Additionally, there is a provision for lateral entry in the BTech programme. Moreover, admissions to 50% of seats in BTech, MCA, MBA, BCA, and BBA will be based on scores from CUET/CAT/NTA/CMAT/MAT/JEE (Mains), he added.

The officials said that the admission process will commence online through the Samarth portal on April 4, 2024, and the deadline for admission applications is May 10, 2024. HTC

CamScanner

हिन्दुस्तान
लखनऊ, सोमवार, 1 अप्रैल 2024
08

# भाषा विश्वविद्यालय में पीएचडी के आवेदन आज से

## तैयारी

- भाषा विवि ने 18 विषयों में पीएचडी दाखिले की प्रवेश प्रक्रिया शुरू की
- आवेदन 15 अप्रैल तक, 11 मई को परीक्षा और 20 को रिजल्ट

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में सत्र 2024-25 पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन एक अप्रैल से शुरू होंगे। विश्वविद्यालय में रेगुलर और पार्ट टाइम पीएचडी के लिए अभ्यर्थियों को 15 अप्रैल तक आवेदन करने का समय दिया गया है। अंतिम तिथि निकलने के बाद एक हजार रुपये अतिरिक्त आवेदन शुल्क के साथ 22 अप्रैल तक ऑनलाइन फॉर्म स्वीकार किये जाएंगे। विवि प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार आवेदन आने के बाद पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 11 मई को कराई जाएगी, जिसका एडमिट कार्ड 25 अप्रैल तक जारी कर दिया जायेगा। वहीं, साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का परिणाम 20 मई को घोषित होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए भाषा विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर पोर्टल खोल दिया गया है। इसके साथ ही प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी सभी जानकारी भी अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर ही मिल जाएगी।

## 30 नम्बर साक्षात्कार के मिलेंगे

पीएचडी के लिए एडमिशन प्रक्रिया के अन्तर्गत रिसर्च एंट्रेस टेस्ट (आरईटी) 70 नंबर की लिखित परीक्षा और 30 नंबर के साक्षात्कार के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को लिया जायेगा। लिखित परीक्षा शोध एवं विषय आधारित होगी जिसकी अवधि 90 मिनट्स होगी। पीएचडी की पूरी प्रक्रिया ही यूजीसी के नियमों के तहत एवं पीएचडी आर्डिनेंस 2023 के अंतर्गत की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.kmclu.ac.in पर जानकारी ले सकते हैं।

## 18 विषयों की 96 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

भाषा विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश 18 विषयों की 96 सीटों पर मिलेगा। जिसमे इंजीनियरिंग विषय को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय एवं एशियाई भाषा, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी-गणित विभाग, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी-रसायन विज्ञान, अरबी, अर्थशास्त्र, उर्दू, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी, गृह विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, फारसी, यांत्रिक अभियांत्रिकी, वाणिज्य, व्यवसाय प्रशासन, शिक्षा शास्त्र, हिन्दी, शारीरिक शिक्षा और इतिहास विषय शामिल हैं।

CamScanner